प्रेस विज्ञप्ति

बिहार पुलिस मुख्यालय

दिनांक–26.06.2023 (सं0–322)

मोतिहारी पुलिस की तत्परता से डकैती की योजना विफल..... पुलिस मुठभेड में 02 डकैत मारे गयें

- मोतिहारी जिला में गत दिनों भारत नेपाल सीमावर्ती थाना क्षेत्रों में एक दो डकैती की घटना प्रतिवेदित होने के उपरान्त मोतिहारी पुलिस के द्वारा इन घटनाओं को गम्भीरता से लेते हुए लगातार भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में नेपाल से भारत आकर अपराध करने वाले गिरोहों तथा उनके सदस्यों की गतिविधियों पर निगरानी रखी जा रही थी।

- इसी क्रम में गुप्त सूचना मिली की नेपाल के कुछ डकैत भारत नेपाल सीमावर्ती घोड़ासहन थाना क्षेत्र में डकैती करने के उद्देश्य से लगातार घूम रहे हैं तथा डकैती करने के लिए घरों की रेकी कर रहें है। प्राप्त आसूचना के सत्यापन तथा आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक, पूर्वी चम्पारण के दिशा निदेशानुसार सहायक पुलिस अधीक्षक (भा0पु0से0) सदर मोतिहारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया।

- गठित विशेष टीम के सदस्य दिनांक–25/26.06.2023 की रात्रि में डकैतों की टोह में घोड़ासहन थाना क्षेत्र में आसूचना/सूचना संकलन तथा आवश्यक कार्रवाई कर रहे थें, इसी क्रम में ग्राम पुरनहिया में पहुँचने पर लगभग 20–25 की संख्या मे संदिग्ध व्यक्तियों को देखा गया। उन संदिग्धों के द्वारा पुलिस टीम को देखते हीं पुलिस टीम पर बम से हमला कर दिया गया तथा पुलिस बल पर दर्जनों गोली चलाई गई। इसमें डी0ए0पी0 के 03 जवान बम के टुकड़ों/छर्रो जख्मी हो गयें।

- आत्मरक्षार्थ पुलिस के द्वारा लगभग 02 दर्जन चक्र गोलियाँ चलाई गई। इसके बाद डकैत वहाँ से फायरिंग करते हुए अंधेरे का फायदा उठाकर नेपाल की तरफ भाग गयें। पुलिस के द्वारा आगे बढ़कर देखा गया तो 02 डकैतों को गिरा हुआ तथा अचेत पाया गया। दोनों अचेत डकैतों को निकटस्थ अस्पताल ले जाया गया, जहाँ चिकित्सक के द्वारा उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

  बरामदगी

- घटनास्थल से पिस्टल, गैस कटर, कुल्हाड़ी, खन्ती, भारी मात्रा में जिन्दा बम एवं बम बनाने की सामग्री।
- मृत डकैतों की अभी पहचान नहीं हो सकी है। नेपाल पुलिस से उनकी पहचान हेतु सम्पर्क स्थापित किया जा रहा है।
- घटनास्थल पर डॉग स्क्वायड पहुँच गया है। डॉग स्क्वायड के द्वारा घटनास्थल के निरीक्षण के क्रम में खून के धब्बों को देखा गया जो नेपाल की तरफ गये हैं।
- घटनास्थल पर पुलिस अधीक्षक के द्वारा स्वयं कैम्प किया जा रहा है।
- पुलिस के द्वारा काण्ड अंकित कर अग्रतर कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।
- घटनास्थल पर प्राप्त बमों के निष्क्रिय करने हेतु बम दस्ता की टीम पहुँच रही है।
- FSL की टीम भी घटनास्थल पर शीघ्र पहुँच रही है।
- बिहार पुलिस के द्वारा अपराधों को गम्भीरता से लिया जा रहा है। किसी परिस्थिति में अपराध कर्मियों को बख्शा नहीं जायेगा।

xxxxxxx